समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# टेस्ट के बाद वनडे मे भी कप्तानी संभालेगें शुभमन गिल ? इस सीरीज मे रोहित शर्मा की जगह संभाल सकते है जिम्मेदारी, सामने आया बड़ा अपडेट।

Publisher
Published on 11 Jul 2025




**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की कप्तानी बदलने की हो रही तैयारी, सोशल मीडिया पर उठे सवाल।**

**भारतीय क्रिकेट टीम अपडेट :** भारतीय क्रिकेट टीम में कप्तानी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे **शुभमन गिल** (**Shubman Gill**) को लेकर अब **वनडे फॉर्मेट** में भी बड़ा फैसला हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत की अगली वनडे सीरीज में गिल कप्तानी करते नजर आ सकते हैं और **रोहित शर्मा** (**Rohit Sharma**) इस सीरीज से बाहर रह सकते हैं।

### क्या वाकई बदल रही है वनडे कप्तानी ?

एक रिपोर्ट के अनुसार, **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड** (**BCCI**) की योजना है कि **2027 वनडे वर्ल्ड कप** (ODI World Cup 2027) तक **शुभमन गिल** को वनडे टीम का स्थायी कप्तान बनाया जाए। हालांकि रोहित शर्मा ने अभी वनडे फॉर्मेट से संन्यास नहीं लिया है, लेकिन सोशल मीडिया पर **#NewODICaptain ट्रेंड** कर रहा है।

एक अन्य रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि भारत जब अगली वनडे सीरीज खेलेगा, तो गिल को कप्तान बनाया जा सकता है।

### कब है अगली वनडे सीरीज ?

टीम इंडिया की अगली वनडे सीरीज अगस्त में **बांग्लादेश** के खिलाफ होनी थी, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है। अब भारत की अगली वनडे सीरीज अक्टूबर महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली है।

इसके बाद, भारत साल 2025 के अंत से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी वनडे सीरीज खेलेगा।

### शुभमन गिल का अब तक का ODI रिकॉर्ड

**शुभमन गिल** का वनडे करियर अब तक शानदार रहा है। उन्होंने 55 मैचों में:

१. **2,775 रन बनाए है।**

२. **औसत :** 59.04

३. **शतक :** 8 और अर्धशतक: 15

उनके प्रदर्शन को देखते हुए क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि वह भविष्य में **भारतीय टीम की कप्तानी** के लिए मजबूत दावेदार हैं।

**रोहित शर्मा का भविष्य क्या ?**

**रोहित शर्मा** वर्तमान में सिर्फ **वनडे फॉर्मेट** में सक्रिय हैं। टेस्ट से उन्होंने संन्यास ले लिया है और **टी20 इंटरनेशनल फॉर्मेट** से पहले ही दूर हो चुके हैं। ऐसे में वनडे में उनकी कप्तानी कब तक चलेगी, यह देखने वाली बात होगी।

**BCCI** फिलहाल भविष्य के कप्तान को तैयार करने की रणनीति पर काम कर रही है और गिल इस योजना का अहम हिस्सा माने जा रहे हैं।

**क्या है फैसं की प्रतिक्रिया ?**

सोशल मीडिया पर फैंस इस खबर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोग शुभमन गिल के समर्थन में हैं तो कुछ अभी भी **रोहित शर्मा** को वनडे कप्तान के तौर पर देखने के पक्षधर हैं।

**शुभमन गिल** के वनडे कप्तान बनने की अटकलों के बीच यह साफ है कि **बीसीसीआई युवा नेतृत्व** तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। आने वाली सीरीज में कप्तानी को लेकर अंतिम फैसला सामने आ जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.